# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION-2025

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा–2025

**( ANNUAL / वार्षिक )**

# SANSKRIT

## संस्कृत

**CLASS-X**

कुल प्रश्न : 100+5 = 105
**Total Questions : 100+05= 105**

विषय कोड : **Subject** **122**

( समय : 3 घंटे 15 मिनट )
**[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]**

( पूर्णांक :100 )
**[ Full Marks:100 ]**

---

1. *परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपनी प्रश्न–पुस्तिका का क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।*
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–अ और खण्ड–ब ।*
6. *खंड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से केवल 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*
7. *खंड–ब में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।*

## खंड–'अ'

*प्रश्न– संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 **OMR** उत्तर पत्रक के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को **OMR** उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें।*

1. 'चञ्चलः' पद में कौन– सी संधि है

(A) व्यंजन (B) स्वर

(C) विसर्ग (D) गुण

2. किस में पद अपनी–अपनी विभक्तियों को छोड़कर मिलते हैं?

(A) सन्धि (B) समास

(C) संयोग (D) संयुक्ताक्षर

3. 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' सूत्र का उदाहरण वाक्य है–

(A) गोषु कृष्णा बहुक्षीरा। (B) रूदिते पुत्रे पिता आपणं गतः।

(C) उदिते सूर्ये सः गृहे गतः। (D) मोक्षे इच्छा अस्ति।

4. 'प्रति' अव्यय के योग में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) तृतीया विभक्ति (B) षष्ठी विभक्ति

(C) पंचमी विभक्ति (D) द्वितिया विभक्ति

5. 'अनुभूय' पद में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) सम् (B) सु

(C) अभि (D) अनु

6. 'भवता' में मूल शब्द क्या है ?

(A) भवान् (B) भवत्

(C) युष्मद् (D) अस्मद्

7. 'पिबतु' किस धातु का रूप है ?

(A) पिब् (B) पा

(C) पत् (D) प्र

8. 'वच् + क्त्वा' से कौन–सा अव्यय बनेगा ?

(A) उक्त्वा (B) उक्तम्

(C) वदित्वा (D) विदितम्

9. 'सर्वदा' पद में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) धा (B) थाल्

(C) दा (D) थमु

10. 'किशोरी' पद में कौन–सा प्रत्यय है?

(A) ङीष् (B) ङीन्

(C) ङीप् (D) ति

11. ज्ञान + मतुप्' से कौन–सा पद बनेगा?

(A) ज्ञानवान् (B) ज्ञातवान्

(C) ज्ञानी (D) ज्ञातवती

12. शानच्' प्रत्यय का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन–सा है?

(A) सेवितम् (B) कर्तुम्

(C) वर्तमानम् (A) गतवान्

13. 'कुर्वन्' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) शानच् (B) शतृ

(C) ल्युट् (D) तुमुन्

14. 'ठक्' प्रत्यय से कौन–सा पद बना है?

(A) जलमयम् (B) मानुषः

(C) समाजिकः (D) बुद्धिमान्

15. 'भवेत्' किस लकार का रूप है?

(A) लट् (B) लोट्

(C) विधिलिङ्॰ (D) लृट्

16. 'वाचि' पद में कौन–सी विभक्ति है?

(A) षष्ठी विभक्ति (B) सप्तमी विभक्ति

(C) चतुर्थी विभक्ति (D) तृतीया विभक्ति

17. 'तस्मिन्' पद का मूलरूप है–

(A) तत् (B) यत्

(C) एतत् (D) अदस्

18. 'निवेदनम्' पद में कौन–सा उपसर्ग है?

(A) निस् (B) निर्

(C) वि (D) नि

19. किस पद में 'परि' उपसर्ग है ?

(A) परीक्षा (B) प्रत्येकम्

(C) प्रतिष्ठा (D) प्रार्थना

20. किस वाक्य में 'सप्तम्यधिकरणे च' सूत्र से सप्तमी विभक्ति हुई है?

(A) नदीषु गंगा श्रेष्ठा अस्ति।

(B) तिलेषु तैलं भवति।

(C) आगते रामे मोहनः गृहं गतः।

(D) रुदिते पुत्रे पिता वनं जगाम।

21. 'अन्तरा' शब्द के योग में कौन–सी विभक्ति होती है?

(A) द्वितीया

(B) षष्ठी

(C) चतुर्थी

(D) पंचमी

22. 'पक्षी वृक्षम् उपवसति'! वाक्य किस सूत्र का उदाहरण है?

(A) उपान्वध्याड्.वसः

(B) अभिनिविशश्च

(C) अधिशीड्.स्थासां कर्म

(D) कर्मणि द्वितीया

23. उक्त कर्म में कौन–सी विभक्ति होती है?

(A) पंचमी विभक्ति

(B) प्रथमा विभक्ति

(C) षष्ठी विभक्ति

(D) तृतीया विभक्ति

24. 'नीलकंठः' में कौन–सा समास है?

(A) कर्मधारय

(B) तत्पुरुष

(C) बहुव्रीहि

(D) द्वन्द्व

25. किस समास का उत्तरपद प्रधान होता है?

(A) तत्पुरुष

(B) कर्मधारय

(C) द्विगु

(D) अव्ययीभाव

26. 'तन्मध्ये' पद में कौन–सी संधि है?

(A) स्वर

(B) व्यंजन

(C) विसर्ग (D) अयादि

27. 'मुनिरयम्' पद में किन–किन वर्णों की संधि हुई है?

(A) स् + अ (B) र + अ

(C) र् + आ (D) : + अ

28. 'पित्रादेशः' का संधि–विच्छेद क्या होगा?

(A) पितृ + आदेशः (B) पित्र + आदेशः

(C) पिता + आदेशः (D) पितृः + आदेशः

29. 'निः + रोगः' की संधि क्या होगी?

(A) नीरोगः (B) निरोगः

(C) निर्रोग (D) निष्रोगः

30. 'तिष्ठति' पद में कौन–सी धातु है?

(A) तिष्ठ् (B) स्था

(C) स्ना (D) स्तु

31. 'तुमुन्' प्रत्यय से निर्मित अव्यय निम्नलिखित में से कौन–सा है?

(A) श्रुत्वा (B) हन्तुम्

(C) लिखितम् (D) विहाय

32. 'साधु' का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?

(A) साधूः (B) साधवी

(C) सधवी (D) साध्वी

33. 'पृष्टवान्' में कौन–सा प्रत्यय है?

(A) क्तवतु (B) शानच्

(C) शतृ (D) क्त

34. संस्कृत में धातु किसे कहते हैं?

(A) संज्ञापद (B) क्रियापद

(C) विशेषण पद (D) कर्मपद

35. समास का शाब्दिक अर्थ होता है–

(A) संक्षेप (B) विस्तार

(C) विग्रह (D) विच्छेद

36. 'इत्थंभूतलक्षणे' सूत्र किस विभक्ति का निर्देश करता है?

(A) द्वितीया (B) तृतीया

(C) चतुर्थी (D) पंचमी

37. 'साधु' शब्द का द्वितीया विभक्ति, द्विवचन का रूप है–

(A) साधौ (B) साधुम्

(C) साधवः (D) साधू

38. 'देशेषु' पद में कौन–सी विभक्ति है?

(A) पंचमी (B) सप्तमी

(C) तृतीया (D) द्वितीया

39. किस काल में लृट्लकार का प्रयोग होता है?

(A) भूत (B) भविष्यत्

(C) वर्तमान (D) अनुज्ञा

40. 'कर्मणि द्वितीया' सूत्र से किस वाक्य में द्वितीया विभक्ति हुई है?

(A) घोटकः तीव्रं धावति। (B) ग्रामम् अभितः वृक्षाः सन्ति।

(C) रामः पत्रं लिखति।  (D) ऋषिः वनम् अनुवसति

41. क्रिया पद में कौन–सा प्रत्यय लगता है?

(A) कृदन्त  (B) तद्धित

(C) स्त्री  (D) इनमें से कोई नहीं

42. 'त्वं कुतः समागच्छसि!' वाक्य का रेखांकित पद क्या है?

(A) संज्ञा  (B) सर्वनाम

(C) अव्यय  (D) क्रिया

43. '______ मित्राणि वार्तालापं कुर्वान्ति'। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें:

(A) त्रयः  (B) त्रिस्त्रः

(C) त्रीणि  (D) त्रिषु

44. 'ह' वर्ण का उच्चारण स्थान क्या है

(A) कंठ  (B) तालु

(C) मूर्धा  (D) दन्त

45. 'अच्' प्रत्याहार के अंतर्गत कौन–कौन से वर्ण आते हैं?

(A) केवल स्वर वर्ण  (B) केवल व्यंजन वर्ण

(C) दोनों वर्णों का समूह  (D) इनमें से कोई नहीं

46. '99' को संस्कृत भाषा में कैसे लिखते हैं ?

(A) एकोननवतिः  (B) नवतिः

(C) नवनवतिः  (D) नवाशीतिः

47. किम् शब्द का स्त्रीलिंग सप्तमी विभक्ति एकवचन में क्या रूप होगा?

(A) कस्य (B) कस्याम्

(C) कस्मै (D) कस्यै

48. कर्मवाच्य और भाववाच्य के कर्ता में कौन–सी विभक्ति होती है?

(A) प्रथमा (B) पंचमी

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

49. किस समास का प्रथम पद नकारात्मक होता है?

(A) द्वन्द (B) द्विगु

(C) नञ् (D) अव्ययीभाव

50. 'नरेशः' किस सन्धि का उदाहरण है?

(A) विसर्ग (B) स्वर

(C) व्यंजन (D) इनमें से कोई नहीं

51. प्राचीन काल में प्रजातंत्र किस रूप में था?

(A) विकसित (B) अविकसित

(C) अर्द्धविकसित (D) बीजरूप

52. किस शासन व्यवस्था में अधिकाधिक योग्यता प्राप्त करना सबों का उद्देश्य होता है?

(A) प्रजातंत्र (B) कुलीनतंत्र

(C) अधिनायकतंत्र (D) राजतंत्र

53. प्रजा की आवश्यकता को प्रत्यक्ष रूप से कौन जानता है?

(A) पदाधिकारी (B) राजा

(C) जनप्रतिनिधि (D) सेना

54. जिस प्रकार बूँद बूँद जल के गिरने से घड़ा भर जाता है उसी प्रकार से किसकी वृद्धि होती है?

(A) विद्या (B) दया

(C) माया (D) काया

55. 'वसुंधरा' का क्या अर्थ है

(A) पृथ्वी (B) समुद्र

(C) पर्वत (D) आकाश

56. किसका फुल सुगंधित होता है?

(A) आँवला (B) बेल

(C) नीम (D) अदरक

57. ईश्वर से लोगों के बीमार होने की प्रार्थना कौन करता है?

(A) व्यापारी (B) उद्योगपति

(C) वैद्य (D) शिक्षक

58. कौन वनस्पति वृक्षाकर है?

(A) तुलसी (B) नीम

(C) हल्दी (D) अदरक

59. अभिनयात्मक पाठ कौन–सा है?

(A) वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः (B) वनस्पति परिचयः

(C) प्रजातंत्रम् (D) लक्ष्यैकदृष्टिः

60. अल्पार्धता का विलोम पद क्या होगा?

(A) महार्घता (B) अनर्घता

(C) आर्घ्यम्	(D) इनमें से कोई नहीं

61. नमस्कारः, अपि कुशली भवान्? —— किसका कथन है?

(A) हरि	(B) भानु

(C) रमेश	(D) व्यापारी

62. रमेश कब से दिल्ली में रहता है?

(A) जुलाई से	(B) अगस्त से

(C) मई से	(D) अक्टूबर से

63. भिक्षुक ने भीख माँगकर क्या जमा किया था?

(A) सत्तू	(B) रुपया

(C) सोना	(D) कपड़ा

64. कौन–सा पाठ पंचतंत्र की कथा का पद रूपान्तरण है?

(A) दीवास्वप्नः	(B) सुभाषितानि

(C) वनस्पति परिचयः	(D) लक्ष्यैकदृष्टिः

65. उन्नति की कामना करने वाले व्यक्ति को क्या करना चाहिए?

(A) आलस	(B) क्रोध

(C) उधम	(D) लोभ

66. 'दिवास्वप्नः' पाठ में विप्र किसकी कामना करता है?

(A) दुर्भिक्ष	(B) विपांडा

(C) गो–सेवा	(D) अश्व–सेवा

67. 'चतुःशालं भवनम्' की कामना कौन करता है?

(A) विप्र	(B) राजा

(C) मंत्री (D) सचिव

68. 'पंचतंत्र' के रचयिता कौन हैं?

(A) अमर शर्मा (B) शिव शर्मा

(C) विष्णु शर्मा (D) गणेश शर्मा

69. 'अपरीक्षितकारक' किस ग्रंथ का एक भाग है?

(A) महाभारत (B) रामायण

(C) पंचतंत्र (D) नीतिशतक

70. पह्लवी भाषा में अनुदित पंचतंत्र किस शताब्दी की उपलब्धि है?

(A) पहली (B) तीसरी

(C) चौथी (D) सातवीं

71. डॉ राजेंद्र प्रसाद किस राज्य के निवासी थे?

(A) बंगाल (B) महाराष्ट्र

(C) बिहार (D) गुजरात

72. डॉ राजेंद्र प्रसाद का 1917 ई॰ में चंपारण आंदोलन में किससे संपर्क स्थापित हुआ था ?

(A) महात्मा गाँधी (B) जयप्रकाश नारायण

(C) सरदार पटेल (D) जवाहरलाल नेहरू

73. डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद ने कितनी बार राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया?

(A) दो बार (B) चार बार

(C) एक बार (D) पाँच बार

74. भोजन से किसका पता चलता है?

(A) वाणी का (B) मन का

(C) शरीर का (D) प्राण का

75. पठित पाठ के आधार पर विद्या से कौन वंचित होता है?

(A) लोभी (B) क्रोधी

(C) आलसी (D) उद्यमी

76. 'मौक्तिकम्' किस पशु में पाया जाता है?

(A) हाथी में (B) घोड़ा में

(C) गाय में (D) सिंह में

77. नीति मानव को कहां ले जाती है?

(A) सत्यपथ पर (B) निन्दित मार्ग पर

(C) कुपथ पर (D) अनीति मार्ग पर

78. निरन्तर उद्यम करने से किसकी प्राप्ति होती है

(A) सफलता की (B) असफलता की

(C) निंदा की (D) क्रोध की

79. 'धनागम' का स्रोत निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) विद्या (B) आलस

(C) क्रोध (D) मोह

80. उपहास का पात्र कौन बनता है ?

(A) भविष्य की असंभव कल्पना करने वाला

(B) विद्वान्

(C) ज्ञानी (D) लोभी

81. मंजरियों से अलंकृत किसे कहा गया है ?

(A) अदरक (B) नीम

(C) तुलसी (D) बेल

82. भिक्षुक का नाम क्या था ?

(A) कृपण (B) स्वभाव कृपण

(C) अकृपण (D) कृपालु

83. 'दवा' का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से कौन–सा है ?

(A) भेषज (B) हवा

(C) जल (D) अग्नि

84. 'विदुरनीति ग्रंथ' किससे संबंधित है?

(A) नीति (B) अनीति

(C) कुरीति (D) स्वाधीनता

85. जनता के सुख की अवधारणा किस शासन तंत्र की विशेषता है

(A) प्रजातंत्र (B) राजतंत्र

(C) निरंकुश तंत्र (D) अधिनायक तंत्र

86. विप्र को गाय की प्राप्ति कैसे होती है?

(A) बकरी बेचकर (B) घोड़ा बेचकर

(C) हाथी बेचकर (D) सोना बेचकर

87. 'सक्तूनां विक्रयेणाहं रूप्यकाणां –– लभे।' रिक्तस्थान की पूर्ति उचित पद से करें।

(A) पंचाशत् (B) शतम्

(C) सहस्रम् (D) पंचशतम्

88\. 'अश्वविक्रयणात् ............ प्रभूतं मे भविष्यति'। रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें–

(A) रजतम् (B) ताम्रम्

(C) रुप्यकम् (D) स्वर्णम्

89\. 'उष्णम्' पद का अर्थ है

(A) गर्म (B) कठिन

(C) ठंडा (D) सरल

90\. 'मृगाः______ संगम् अनुव्रजन्ति।' रिक्तस्थान की पूर्ति उचित पद से करें–

(A) अश्वैः (B) गजैः

(C) मृगैः (D) शशकैः

91\. 'पर्णत्रयमयी शाखा' किस वनस्पति के लिए प्रयुक्त है?

(A) बेल (B) आँवला

(C) नीम (D) तुलसी

92\. '______ अनर्थं हन्ति'। रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें–

(A) विनयः (B) क्षमा

(C) पराक्रमः (D) आचारः

93\. 'जरा______ हरति।' रिक्तस्थान की पूर्ति उचित पद से करें–

(A) प्राणान् (B) रूपं

(C) श्रियं (D) वृत्तं

94\. '______ मानवः प्रणश्यति।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें–

(A) क्रोधात् (B) संमोहात्

(C) स्मृतिभ्रंशात् (D) बुद्धिनाशात्

95. '______ विद्या विवादाय।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से भरें–

(A) सज्जनस्य (B) मूर्खस्य

(C) खलस्य (D) विदुषः

96. वर्तमानकाल–बोधक कृदन्त प्रत्यय निम्नलिखित में से कौन–सा है ?

(A) अनीयर (B) क्त्वा

(C) शतृ (D) तुमुन्

97. 'बालकद्वयम् विद्यालयं______ ।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें–

(A) गच्छसि (B) गच्छताम्

(C) गच्छतः (D) गच्छति

98. '______ बालिकाः उद्याने भ्रमन्ति।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें–

(A) चत्वारः (B) चत्वारि

(C) चतस्त्रः (D) चतुरः

99. 'परिहासः' पद का अर्थ है–

(A) मजाक (B) प्रसन्नता

(C) सत्य सम्भाषण (D) मिथ्या प्रवचन

100. '______ नमः।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें–

(A) सरस्वती (B) सरस्वतीं

(C) सरस्वत्यै (D) सरस्वत्या

## खण्ड–'ब'

### विषयनिष्ठ प्रष्न

1. अधोलिखित प्रश्नों में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए: $8 \times 2 = 16$

(क) सभी मेंढक लघुकाय मेंढक का उपहास क्यों करते थे?

(ख) जीवन में आगे बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए?

(ग) डॉ0 राजेंद्र प्रसाद की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालें?

(घ) डॉ0 राजेंद्र प्रसाद ने 1934 ई० की भूकंप पीड़ितों की सहायता कैसे की?

(ड.) सज्जन व्यक्ति की विशेषताओं को लिखें?

(च) स्वभावकृपण घड़े की सत्तू से क्या–क्या करना चाहता था?

(छ) स्वभावकृपण विप्र को चतुःशाल भवन की प्राप्ति कैसे होती है?

(ज) कहाँ नाम मात्र की प्रजातंत्र व्यवस्था होती है?

(झ) प्रधानमंत्री का पद प्रजातंत्र में क्यों महत्वपूर्ण है?

(ञ) त्रिदोष कौन–कौन हैं?

(ट) मानव शरीर पर औषधि कैसे असर करती है?

(ठ) पंचतंत्र का वर्ण्यविषय क्या है?

(ड) जन सामान्य में वैद्य के संबंध में कौन–सी भ्रांति व्याप्त है?

(ढ़) कौन–कौन से गुण पुरुषों को प्रकाशित करते हैं?

(ण) उधम शरीर में रहने वाला मानव का मित्र है, कैसे?

(त) 'दिवास्वप्नः' पाठ का कोई एक श्लोक लिखें।

2. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए:

एकस्मिन् तडागे एकः कच्छपः वसति स्म। तस्य द्वे मित्रे हंसजातीये अपि एव अवसताम्। ते तु प्रतिदिनम् तत्र एव अक्रीडन्। एकदा तस्मिन् प्रदशे वृष्टिः न अभवत् सरः च शनैः शनैः शुष्कः अभवत्। जलस्य अभावात् दुःखितः कूर्मः हंसौ अकथयत् यत् प्रभूतजलसनाथं सरः अन्विष्यताम्। यदा अग्रिमे दिवसे हंसौ सरम् अन्विष्य आगच्छताम् तदा कूर्मः अवदत् कश्चिद् लघुकाष्ठम् आनयताम् अहं काष्ठस्य मध्य प्रदेशम् दन्तैः ग्रहीष्यामि युवां च तत् काष्ठम् मया सहितम् संगृह्य तत्सरः नेष्यथः। तथानुष्ठिते हंसौ एकं पुरम् अपश्यताम्। तत्र विस्मिताः जनाः नीयमानं कच्छपं दृष्ट्वा कोलाहलम् अकुर्वन् । तेषां कोलाहलं श्रुत्वा कूर्मः अवदत्–

"कथम् एषः कोलाहलः" एतत् वक्तुमिच्छन् सः

अर्धोक्ते एव अधः पतित्वा मृतः ।

I. एकपदेन उत्तरत– 2x1=2

(क) कच्छपः कुत्र वसति स्म ?

(ख) कोलाहलं के कुर्वन्ति स्म ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) कच्छपः किमर्थं दुःखितः अभवत् ?

(ख) पुरस्य जनाः किमर्थं विस्मिताः अभवन् ?

III. गद्यांशस्य शीर्षकमेकं लिखित । 1x1=1

**अथवा**

एकदा एकः काकः पिपासितः अभवत् । सः जलपानाय इतस्ततः अभ्रमत् परन्तु सः कुत्रापि जलं न अपश्यत् । अन्ते सः उद्याने एकं घटम् अपश्यत् । सः घटस्य समीपे अगच्छत् तदा सः घटस्य मुखे उपाविशत् अपश्यत् च यत् घटे तु स्वल्पमेव जलम् अभवत्। सः जलस्य पानाय वारं वारम् प्रयत्नम् अकरोत् । ततः सः जलस्य पाने सफलः न अभवत् तथा अपि सः निराशः न अभवत्। ततः सः एकम् उपायम्

अचिन्तयत् सः पाषाणस्य खण्डानि घटे अक्षिपत् एवं घटस्य तलस्थं जले घटस्य कण्ठे आगच्छत् । सः पर्याप्तं जलम् अपिबत् । सः अति प्रसन्नः अभवत् ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) पिपासितः कः आसीत्?

(ख) घटे किम् आसीत्?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) स्वल्पं जलं दृष्ट्वा काकः किम् अकरोत् ?

(ख) पिपासितः काकः कदा प्रसनः अभवत् ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं ददातु । 1x1=1

(ब) अहं सिद्धान्तः अस्मि । मम मित्रस्य नाम हर्षितः अस्ति । मम गृहस्य समीपे एव वसति । आवाम् एकस्मिन् एव विद्यालये पठावः आवां प्रातः सह एव भ्रमणाय गच्छावः । आवां सायंकाले मिलित्वा क्रीडाक्षेत्रे कन्दुकेन क्रीडावः । सः पठने कुशलः अस्ति । सः न केवलं मम अपितु सर्वेषां सहायकः अस्ति। सः अतीव सरलस्वभावः अस्ति । सः एकः आदर्शः बालकः अस्ति ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) सिद्धान्तस्य मित्रं कः अस्ति?

(ख) हर्षितः कीदृशः बालः अस्ति?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) हर्षितः कुत्र वसति

(ख) तौ सायंकाले किं कुरुतः ?

**अथवा**

मानवः सामाजिकः प्राणी अस्ति। सः समाजात् विना स्थातुं न शक्नोति । समाजे असौ अन्यान् अनुकरोति । असौ यादृशैः सह उपविशति तादृशः एव असौ भवति।

गुणवतां संगेन गुणी भवति, दुष्टानां च संगेन दुष्टः भवति। कुसंगस्य दुष्प्रभावः भवति। अतः मानवेन सतां संगतिः करणीया दुर्जनानां संगतिः च परिहरणीया ।

I. एकपदेन उत्तरत– 2x1=2

(क) मनुष्यः गुणवतां संगेन कीदृशः भवति ?

(ख) मानवेन केषां संगतिः करणीया ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत– 2x2=4

(क) मनुष्यः कथं स्थातुं न शक्नोति ?

(ख) मानवेन का करणीया ?

3. अधोलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत के सात वाक्यों में अनुच्छेद लिखिएः 1x7=7

(क) पुस्तकालयः

(ख) मम विद्यालयः

(ग) संस्कृतभाषायाः महत्त्वम्

(घ) परोपकारः

(ङ.) भारतवर्षः

4. अधोलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर देंः 2×4 =8

(i) पुस्तक भेजने के लिए पुस्तक प्रकाशक के प्रति संस्कृत में एक पत्र लिखें।

(ii) अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए पिता के पास संस्कृत में एक पत्र लिखिए।

(iii) अपनी बहन को जन्तुशाला भ्रमण के विषय में बताते हुए संस्कृत में एक पत्र लिखिए।

(iv) छात्रवृत्ति – प्राप्ति हेतु प्राचार्य को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिएः 6x1=6

(क) नदियों में गंगा श्रेष्ठ और पवित्र है।

(ख) सदा सत्य बोलना चाहिए।

(ग) छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय जाना चाहिए।

(घ) परोपकार पुण्य के लिए होता है।

(ङ.) आज मेरे विद्यालय में उत्सव होगा।

(च) जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

(छ) संस्कृत प्राचीन भाषा है।

(ज) चोर सिपाही से डरता है।

(झ) विद्याधन सभी धनों में प्रधान है।

(ञ) गंगा हिमालय से निकलती है।

(ट) मोहन शिक्षक से व्याकरण पढ़ता है।

(ठ) लड़के गेंद से खेलते हैं

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...

BSEBResult.In

विजिट करें।